# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग (पिथौरागढ़)

UTTARAKHAND

उत्तराखण्ड शासन

फोन नं0 – 05964–244117 फैक्स नं0 –05964–244622 ई–मेल–eepwdberinag@rediffmail.com


पत्रांक 2216/27 सी

दिनांक 20/12/2024

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़।

विषय : जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट में राममंदिर से सिराड़ी गॉव प्राथमिक विद्यालय ठठौली सस्पोड़ा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.71 है0 वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रेषण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः आपका पत्रॉक 2512/12–1 **दि0 23–11–2024**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में आपत्तियों का बिन्दुवार निम्नानुसार निराकरण कर प्रेषित है :–

| क्र. सं0 | मॉगी गई सूचना | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | बिन्दु सं0 03 के क्रम में आप द्वारा पैरा बी 2.4 पार्ट–1, में अपडेट की गई सूचना त्रुटिपूर्ण है। | बिन्दु सं0 3 के क्रम पैरा –बी 2.4 पार्ट –1, में सही सूचना अपडेट कर दी गई है। |
| 2 | बिन्दु सं0 08 के क्रम में उपलब्ध कराई गई आख्या अस्पष्ट है। के0एम0एल0 का अवलोकन करने पर स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित समरेखन की लम्बाई वैकल्पिक समरेखन की तुलना में अधिक है व अधिक सघन वन से होकर गुजरती है। अतः स्पष्ट आख्या उपलब्ध करायें। | बिन्दु सं0 8 के क्रम में अवगत कराना है कि प्रस्तावित /वैकल्पिक संरेखण का वनक्षेत्राधिकारी गंगोलीहाट के साथ निरीक्षण कर लिया गया है। निरीक्षण आख्या की हार्ड कापी इस कार्यालय के पत्रॉक 1888/27 सी दि0 25–10–2024 द्वारा आपकों प्रेषित कर दी गई है। संरेखण के के0एम0एल0 में संशोधन कर संशोधित के0एम0एल0 फाईल अपलोड कर दी गई है। प्रस्तावित स्थल पर चीड़ का घना जंगल है प्रस्तावित / वैकल्पिक दोनों समरेखणों में सघन वन क्षेत्र है। |
| 3 | प्रस्ताव में लाभान्वित होने वाले गॉवों की सूची में सिराड़ी, ठठौली एवं सस्पोड़ा ग्राम अंकित है जबकि के0एम0एल0 में सुकना, धरमोली एवं घांघल ग्रामों को लाभान्वित दिखाया गया है। स्थिति स्पष्ट करें। तद्नुसार के0एम0एल0 संशोधित करें। | प्रस्ताव में लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूची में ग्राम सिराड़ी, ठठौली एवं सस्पोड़ा अंकित है, जो वास्तविक रूप से लाभान्वित हो रहे है। अतः प्रस्तावित मोटर मार्ग की संशोधित के0एम0एल0 ऑन लाईन अपलोड कर दी गई है। |

अतः अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

20/12/24

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरीनाग